**SET-1**

**Series ZZYY1/1**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **32/1/1**

रोल नं.
**Roll No.**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# सामाजिक विज्ञान
# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **32** (**मानचित्र** सहित) है ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **37** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **32** printed pages (Including **Map**).
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **37** questions.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

^



https://examkit.in/

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **37** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*यह प्रश्न-पत्र **छः** खण्डों में विभाजित है – खण्ड-**क**, खण्ड-**ख**, खण्ड-**ग**, खण्ड-**घ**, खण्ड-**ङ** और खण्ड-**च** ।*

*(ii)* *खण्ड – **क** में प्रश्न संख्या **1** से **20** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iii)* *खण्ड – **ख** में प्रश्न संख्या **21** से **24** तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों के हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **40** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* *खण्ड – **ग** में प्रश्न संख्या **25** से **29** तक लघु उत्तरीय-प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों के हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **60** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* *खण्ड – **घ** में प्रश्न संख्या **30** से **33** तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों के हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* *खण्ड – **ङ** में प्रश्न संख्या **34** से **36** तक केस आधारित हैं । प्रत्येक प्रश्न के साथ **3-3** उपप्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों के हैं ।*

*(vii)* *खण्ड – **च** में प्रश्न संख्या **37** मानचित्र आधारित है । यह प्रश्न **5** अंकों के हैं **37 (a)** (इतिहास से **2** अंक) और **37 (b)** (भूगोल के **3** अंक) ।*

*(viii)* *इस प्रश्न-पत्र में समग्ररूप से विकल्प का प्रावधान नहीं है । फिर भी उपप्रश्नों में विकल्प का प्रावधान है । ऐसे प्रश्नों में से केवल **एक** विकल्पीय प्रश्न का उत्तर लिखना है ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ जहाँ भी आवश्यक है, पृथक से निर्देश दिए गए हैं ।*



https://examkit.in/

**General Instructions :**

*(i) Question paper contains **37** questions. **All** questions are compulsory. Question paper comprises **six** Sections – **A**, **B**, **C**, **D**, **E** and **F**.*

*(ii) **Section A** – Question Nos. **1** to **20** are MCQs of **1** mark each.*

*(iii) **Section B** – Question Nos. **21** to **24** are Very Short Answer Type Questions, carrying **2** marks each. Answer to each question should not exceed **40** words.*

*(iv) **Section C** – Question Nos. **25** to **29** are Short Answer Type Questions, carrying **3** marks each. Answer to each question should not exceed **60** words.*

*(v) **Section D** – Question Nos. **30** to **33** are Long Answer Type Questions, carrying **5** marks each. Answer to each question should not exceed **120** words.*

*(vi) **Section E** – Question Nos. from **34** to **36** are Case Based Questions with **three** sub questions and are of **4** marks each.*

*(vii) **Section F** – Question no. **37** is Map based, carrying **5** marks with **two** parts, **37(a)** from History (**2** marks) and **37(b)** from Geography (**3** marks).*

*(viii) There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in a few questions. Only **one** of the choices in such questions have to be attempted.*

*(ix) In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*



https://examkit.in/

## खण्ड – क (20 × 1 = 20)

### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

1. जर्मेनिया के रूपक की निम्नलिखित विशेषताओं का उनके महत्त्व के साथ मिलान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

| विशेषता | | महत्त्व | |
|---|---|---|---|
| a. | टूटी हुई जंजीर | I. | बहादुरी |
| b. | बाज–छाप कवच | II. | मुकाबले की तैयारी |
| c. | वसूल पत्तियों का ताज | III. | शक्ति |
| d. | तलवार | IV. | आज़ादी मिलना |

**विकल्प :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | I | II | III | IV |
| (B) | IV | III | I | II |
| (C) | II | I | IV | III |
| (D) | III | IV | II | I |

2. निम्नलिखित में से कौन सा पहलू बी.आर. अम्बेडकर और ई.वी. रामास्वामी नायकर के लेखन में समान था ? 1

(A) भारत में जाति–व्यवस्था पर लेख लिखना ।

(B) महिलाओं के अनुभवों पर प्रकाश डालना ।

(C) सांस्कृतिक विरासत के बारे में जागरूकता बढ़ाना ।

(D) भारतीयों को उनकी राष्ट्रीय स्वतंत्रता के लिए प्रेरित करना ।

3. निम्नलिखित में से किसने भारत में पहले लोहा और इस्पात उद्योग की स्थापना की ? 1

(A) जे.आर.डी. टाटा

(B) पुरुषोत्तम दास

(C) आर.जी. सरैया

(D) ठाकुर दास



https://examkit.in/

## SECTION – A

**(Multiple Choice Questions)** **(20 × 1 = 20)**

1. Match the following attributes of allegory of Germania with its significance and choose the correct option : **1**

| | **Attributes** | | **Significance** |
|---|---|---|---|
| a. | Broken Chains | I. | Heroism |
| b. | Breast-Plate with eagle | II. | Readiness to fight |
| c. | Crown of oak leaves | III. | Strength |
| d. | Sword | IV. | Being free |

**Options :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | I | II | III | IV |
| (B) | IV | III | I | II |
| (C) | II | I | IV | III |
| (D) | III | IV | II | I |

2. Which one of the following aspects was common between the writings of B.R. Ambedkar and E.V. Ramaswamy Naicker ? **1**
   (A) Wrote on the caste system in India
   (B) Highlighted the experiences of women
   (C) Raised awareness about cultural heritage
   (D) Motivated Indians for their national freedom.

3. Who of the following set up the first Iron and Steel industry in India ? **1**
   (A) J.R.D. Tata
   (B) Purushotam Das
   (C) R.G. Saraiya
   (D) Thakur Das



https://examkit.in/

4. निम्नलिखित को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

I. ब्रेटन वुड्स सम्मेलन में अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष की स्थापना ।

II. केन्द्रीय शक्तियाँ और मित्र राष्ट्रों के बीच द्वितीय विश्वयुद्ध छिड़ा ।

III. कार निर्माता हेनरी फोर्ड ने, उत्पादन के लिए 'असेम्बली लाइन पद्धति' को अपनाया ।

IV. पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं ने खुद को 'G-77 समूह' के रूप में संगठित किया ।

**विकल्प :**

(A) III, II, I और IV

(B) I, II, III और IV

(C) IV, III, II और I

(D) IV, II, III और I

5. निम्नलिखित जानकारी की सहायता से फसल की पहचान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

- यह दूसरी सबसे महत्त्वपूर्ण अनाज की फसल है ।
- यह रबी की फसल है ।
- इसे उगने के लिए ठंडे मौसम और पकने के लिये खिली धूप की आवश्यकता होती है ।
- इसके लिए 50 से 75 cm वार्षिक वर्षा की आवश्यकता होती है ।

**विकल्प :**

(A) गेहूँ

(B) मक्का

(C) चावल

(D) गन्ना



https://examkit.in/

4. Arrange the following in chronological order and choose the correct option : **1**

I. The Bretton Woods conference established the International Monetary Fund.

II. The Second World War broke out between the Axis and Allied groups.

III. A car manufacturer Henry Ford adopted the 'Assembly Line Method' for production.

IV. The Western economies organized themselves as a group – 'The Group of 77'.

**Options :**

(A) III, II, I and IV

(B) I, II, III and IV

(C) IV, III, II and I

(D) IV, II, III and I

5. Identify the crop with the help of the following information and choose the correct option. **1**

- This is the second most important Cereal Crop.
- This is a Rabi crop.
- It requires a cool growing season and bright sunshine at the time of ripening.
- It requires 50 to 75 cm annual rainfall.

**Options :**

(A) Wheat

(B) Maize

(C) Rice

(D) Sugarcane



https://examkit.in/

6. निम्नलिखित राज्यों में से किसमें तुंगभद्रा बाँध स्थित है ? **1**

(A) तमिलनाडु

(B) केरल

(C) आंध्र प्रदेश

(D) कर्नाटक

7. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित है ? **1**

(A) जलोढ़ मृदा – गंगा का मैदान

(B) काली मृदा – हिमालय क्षेत्र

(C) शुष्क मृदा – पश्चिमी घाट

(D) लैटेराइट मृदा – मरुस्थलीय क्षेत्र

8. निम्नलिखित देशों में से किसकी 'जन्म के समय संभावित आयु' सर्वाधिक है ? **1**

(A) नेपाल

(B) बांग्लादेश

(C) भारत

(D) पाकिस्तान

9. निम्नलिखित संस्थानों में से कौन सा भारत में रोजगार संबंधी आँकड़े उपलब्ध कराता है ? **1**

(A) राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय

(B) नीति आयोग

(C) राष्ट्रीय सूचना केन्द्र

(D) लोक सेवा आयोग



https://examkit.in/

6. In which of the following States Tungabhadra Dam is located ? **1**

(A) Tamil Nadu

(B) Kerala

(C) Andhra Pradesh

(D) Karnataka

7. Which of the following pair is correctly matched ? **1**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | Alluvial Soil | – | Gangetic Plain |
| (B) | Black Soil | – | Himalayan Region |
| (C) | Arid Soil | – | Western Ghats |
| (D) | Laterite Soil | – | Desert Area |

8. Which of the following countries has the highest 'Life Expectancy' at the birth ? **1**

(A) Nepal (B) Bangladesh

(C) India (D) Pakistan

9. Which one of the following organization is providing data regarding employment in India ? **1**

(A) National Statistical Office

(B) Niti Ayog

(C) National Informatics Centre

(D) Public Service Commission



https://examkit.in/

10. निम्नलिखित में से कौन सा बहुराष्ट्रीय कंपनी के लिए एक प्रमुख लाभ है, जब वह एक स्थानीय कंपनी के साथ संयुक्त उत्पादन पर काम करती है ? 1

(A) बहुराष्ट्रीय कंपनी,स्थानीय कंपनी के साथ नवीनतम तकनीक साझा करती है ।

(B) बहुराष्ट्रीय कंपनी उत्पादन के सभी मानदंडों और कीमत तय करती है ।

(C) बहुराष्ट्रीय कंपनी अपनी संस्थागत नीति को स्थानीय कंपनी के साथ साझा करती है ।

(D) बहुराष्ट्रीय कंपनी स्थानीय कंपनियों के साथ अच्छे और पारिवारिक संबंध बनाती है ।

11. निम्नलिखित में से कौन सा जोड़ा सुमेलित है ? 1

(A) प्राथमिक क्षेत्रक – मछुआरा

(B) द्वितीयक क्षेत्रक – पुजारी

(C) तृतीयक क्षेत्रक – टोकरी बुनकर

(D) चतुर्थक क्षेत्रक – माली

12. मान लीजिए कि एक क्षेत्र में चार परिवार हैं और इनकी मासिक आय ₹ 10,000, ₹ 20,000, ₹ 30,000 और ₹ 40,000 हैं तो क्षेत्र की औसत आय कितनी होगी ? निम्न में से सही विकल्प चुनिए : 1

(A) ₹ 25,000

(B) ₹ 30,000

(C) ₹ 20,000

(D) ₹ 10,000



https://examkit.in/

10. Which one of the following is a major benefit to an MNC when it works on joint production with a local company ? 1

(A) MNC shares its latest technology with the local company.

(B) MNC decides all parameters and prices of the product.

(C) MNC shares its institutional policy with local company.

(D) MNC built good and familial relations with the local company.

11. Which one of the following pair is correctly matched ? 1

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | Primary Sector | – | Fishermen |
| (B) | Secondary Sector | – | Priest |
| (C) | Tertiary Sector | – | Basket Weaver |
| (D) | Quaternary Sector | – | Gardener |

12. Assume there are four families in a locality. If the monthly income of each family is ₹ 10,000, ₹ 20,000, ₹ 30,000 and ₹ 40,000, then what is the average income of the locality ? Choose the correct option from the following : 1

(A) ₹ 25,000

(B) ₹ 30,000

(C) ₹ 20,000

(D) ₹ 10,000



https://examkit.in/

13. कांता एक कार्यालय में कार्य करती है । वह नियमित रूप से महीने के अंत में वेतन प्राप्त करती है । वेतन के अलावा उसे सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार सुविधाएँ मिलती हैं । 1

कांता निम्नलिखित में से किस क्षेत्रक में कार्य कर रही है ?

(A) संगठित क्षेत्रक

(B) असंगठित क्षेत्रक

(C) प्राथमिक क्षेत्रक

(D) चतुर्थक क्षेत्रक

14. निम्नलिखित में से कौन सा ऋण का औपचारिक स्रोत है ? 1

(A) रिश्तेदार

(B) व्यापारी

(C) साहूकार

(D) सहकारी समिति

15. सत्ता के बंटवारे पर निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

I. यह लोकतंत्र को मजबूत करता है ।

II. यह सामाजिक समूहों के बीच संघर्ष को कम करता है ।

III. यह राजनीतिक स्थिरता को सुनिश्चित करता है ।

IV. यह दलों के बीच सामाजिक – आर्थिक संघर्ष लाता है ।

**विकल्प :**

(A) I, II और III

(B) II, III और IV

(C) I, III और IV

(D) I, II और IV



https://examkit.in/

13. Kanta works in an office. She gets her salary regularly at the end of every month. In addition to the salary, she also gets other benefits laid down by the government.

In which of the following sector Kanta is working ? **1**

(A) Organised Sector

(B) Unorganised Sector

(C) Primary Sector

(D) Quaternary Sector

14. Which one of the following is a formal source of credit ? **1**

(A) Relative

(B) Trader

(C) Money lender

(D) Cooperative Society

15. Consider the following statements on Power Sharing and choose the correct option : **1**

I. It deepens democracy.

II. It helps to reduce conflicts among social groups.

III. It is a way to ensure political stability.

IV. It brings socio-economic struggles.

**Options :**

(A) I, II and III

(B) II, III and IV

(C) I, III and IV

(D) I, II and IV



https://examkit.in/

16. नीचे दो कथन, अभिकथन (A) और कारण (R) दिए गए हैं । कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

**अभिकथन (A) :** चुनाव लोकतंत्र की आत्मा है ।

**कारण (R) :** चुनाव राजनीतिक भागीदारी का विस्तार करते हैं ।

**विकल्प :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।

(D) (R) गलत है, लेकिन (A) सही है ।

17. स्तंभ-A और स्तंभ-B का मिलान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

| | **स्तंभ – A (विषय)** | | **स्तंभ – B (सूची/विषय)** |
|---|---|---|---|
| I. | रक्षा | 1. | समवर्ती सूची |
| II. | पुलिस | 2. | संघ सूची |
| III. | विवाह | 3. | राज्य सूची |
| IV. | कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर | 4. | अवशिष्ट विषय |

**विकल्प :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (D) | 2 | 3 | 1 | 4 |



https://examkit.in/

16. Two statements are given below as Assertion (A) and Reason (R). Read the Statements and choose the correct option : **1**

**Assertion (A) :** Elections are the spirit of democracy.

**Reason (R) :** Elections expand Political participation.

**Options :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is the not correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

17 Match Column – A with Column – B and choose the correct option : **1**

| | **Column – A (Subjects)** | | **Column – B (List/Subjects)** |
|---|---|---|---|
| I. | Defence | 1. | Concurrent List |
| II. | Police | 2. | Union List |
| III. | Marriage | 3. | State List |
| IV. | Computer Software | 4. | Residuary Subjects |

**Options :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (D) | 2 | 3 | 1 | 4 |



https://examkit.in/

18. निम्नलिखित में से कौन सा समकालीन विश्व में सरकार का सबसे लोकप्रिय रूप है ? 1

(A) तानाशाही सरकार

(B) संवैधानिक राजतंत्र

(C) सैन्य सरकार

(D) लोकतांत्रिक सरकार

19. नीचे दो कथन, अभिकथन (A) और कारण (R) दिए गए हैं । कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

**अभिकथन (A) :** दुनिया के विभिन्न हिस्सों में महिलाएँ संगठित हुई और समान अधिकारों के लिए आंदोलन किया ।

**कारण (R) :** महिलाओं के आंदोलनों का उद्देश्य व्यक्तिगत और पारिवारिक जीवन में भी समानता लाना है ।

**विकल्प :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है ।

20. निम्नलिखित में से कौन सा मामला 'पारिवारिक कानूनों' से संबंधित नहीं है ? 1

(A) विवाह

(B) गोद लेना

(C) विरासत

(D) वित्त



https://examkit.in/

18. Which one of the following is the most popular form of government in the contemporary world ? **1**

(A) Dictatorial Government

(B) Constitutional Monarchy

(C) Military Government

(D) Democratic Government

19. Two statements are given below as Assertion (A) and Reason (R). Read the statements and choose the appropriate option : **1**

**Assertion (A) :** Women in different parts of the World organized themselves and agitated for equal rights.

**Reason (R) :** Women's movement aimed at equality in personal and family life as well.

**Options :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is the not correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

20. Which one of the following matters do NOT deal with the 'Family Laws' ? **1**

(A) Marriage

(B) Adoption

(C) Inheritance

(D) Finance



https://examkit.in/

## खण्ड – ख (4 × 2 = 8)

**(अति लघु–उत्तरीय प्रश्न)**

21. (a) यूरोप में रूमानीवाद की सांस्कृतिक आंदोलन के रूप में व्याख्या कीजिए। **2**

**अथवा**

(b) 1848 में फ्रांस के फ्रेड्रिक सॉरयू के सपनों की जनतांत्रिक और सामाजिक गणतंत्र के संदर्भ में व्याख्या कीजिए। **2**

22. रोपण कृषि की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। **1 × 2 = 2**

23. किन्हीं दो प्रावधानों की व्याख्या कीजिए जो भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राज्य बनाते हैं। **1 × 2 = 2**

24. कल्पना कीजिए कि आप ग्राम प्रधान हैं। किन्हीं दो गतिविधियों का सुझाव दीजिए जो आपको लगता है कि ग्रामवासियों की आय बढ़ाने के लिए किए जाने चाहिए। **2**

## खण्ड – ग (5 × 3 = 15)

**(लघु–उत्तरीय प्रश्न)**

25. 19वीं शताब्दी के दौरान भारत में धार्मिक सुधारों पर मुद्रण संस्कृति के प्रभावों की व्याख्या कीजिए। **3**

26. सूचना प्रौद्योगिकी ने इलेक्ट्रॉनिक उद्योग को किस प्रकार प्रभावित किया है ? स्पष्ट कीजिए। **1 × 3 = 3**


https://examkit.in/

## SECTION – B

**(Very Short Answer Type Questions)** **(4 × 2 = 8)**

21. (a) Explain Romanticism as a cultural movement in Europe. **2**

**OR**

(b) Explain Frederic Sarrieu's dream in the context of democratic and social republics in France during 1848. **2**

22. Mention any two features of Plantation agriculture. **1 × 2 = 2**

23. Explain any two provisions that make India a secular state. **1 × 2 = 2**

24. Imagine that you are the village Head. Suggest any two activities that you think should be taken up to increase the income of the villagers. **2**

## SECTION – C

**(Short Answer Type Questions)** **(5 × 3 = 15)**

25. Explain the implication of print culture on the religious reforms in India during $19^{th}$ century. **3**

26. How has Information Technology affected Electronic Industry ? Explain.

**1 × 3 = 3**



https://examkit.in/

27. 'विकास की धारणीयता के प्रश्न पर प्रकृति एवं विकास की प्रक्रिया पर कई नए प्रश्न उठते हैं ।' उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए । **3**

28. राजनीतिक दल के किन्हीं तीन कार्यों की व्याख्या कीजिए । **1 × 3 = 3**

29. (a) भारतीय रिजर्व बैंक के किन्हीं तीन कार्यों को स्पष्ट कीजिए । **3**

**अथवा**

(b) लोगों से स्वीकार की गई मुद्रा के संबंध में बैंकों की भूमिका की व्याख्या कीजिए । **3**

## खण्ड – घ **(4 × 5 = 20)**

**(दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न)**

30. (a) भारत की आर्थिक और राजनीतिक स्थिति पर प्रथम विश्व युद्ध के प्रभावों का विश्लेषण कीजिए । **5**

**अथवा**

(b) 19वीं सदी के आखिर में भारत में राष्ट्रवाद के विकास में लोककथाओं और प्रतीकों की भूमिका का विश्लेषण कीजिए । **5**

31. (a) 'सक्षम परिवहन के साधन तीव्र विकास हेतु पूर्व अपेक्षित हैं ।' इस कथन को न्यायसंगत ठहराइये । **5**

**अथवा**

(b) "सड़क परिवहन रेल परिवहन की अपेक्षा अधिक सुविधाजनक है ।" इस कथन को न्यायसंगत ठहराइये । **5**



https://examkit.in/

27. 'The question of sustainability of development raises many fundamentally new issues about the nature and process of development.' Explain it with examples. **3**

28. Explain any three functions of Political Party. **1 × 3 = 3**

29. (a) Explain any three functions of the Reserve Bank of India. **3**

**OR**

(b) Explain the role of banks with regard to money which they accept from the public. **3**

## SECTION – D

**(Long Answer Type Questions)** **(4 × 5 = 20)**

30. (a) Analyse the implications of First World War on the economic and Political situation of India. **5**

**OR**

(b) Analyse the role of folklore and symbols in the revival of nationalism in India during late $19^{th}$ century. **5**

31. (a) 'Efficient means of Transport are pre-requisite for fast development.' Justify the statement. **5**

**OR**

(b) 'Roadways have an edge over Railways.' Justify the statement. **5**



https://examkit.in/

32. (a) 'पूरी दुनिया में लोकतंत्र के विचार के लिए भारी समर्थन है ।' इस कथन की उदाहरणों सहित पुष्टि कीजिए । **5**

**अथवा**

(b) "लोकतंत्र सभी सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक समस्याओं का समाधान कर सकता है ।" तर्कों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए । **5**

33. (a) भारत में वैश्वीकरण के प्रभाव का विश्लेषण कीजिए । **5**

**अथवा**

(b) वैश्वीकरण को निष्पक्ष बनाने के तरीकों का विश्लेषण कीजिए । **5**

## खण्ड – ङ (3 × 4 = 12)

### (केस आधारित प्रश्न)

34. दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर लिखिए : **4**

**वस्तुओं के लिए बाज़ार**

नए उपभोक्ता पैदा करने का एक तरीका विज्ञापनों का है । जैसा कि आप जानते हैं, विज्ञापन विभिन्न उत्पादों को जरूरी और वांछनीय बना देते हैं । वे लोगों की सोच बदल देते हैं और नयी ज़रूरतें पैदा कर देते हैं । आज हम एक ऐसी दुनिया में हैं जहाँ चारों तरफ़ विज्ञापन छाए हुए हैं । अखबारों, पत्रिकाओं, होर्डिंग्स, दीवारों, टेलीविज़न के परदे पर, सब जगह विज्ञापन छाए हुए हैं । लेकिन अगर हम इतिहास में पीछे मुड़कर देखें तो पता चलता है कि औद्योगीकरण की शुरुआत से ही विज्ञापनों ने विभिन्न उत्पादों के बाज़ार को फैलाने में और एक नयी उपभोक्ता संस्कृति रचने में अपनी भूमिका निभाई है ।

जब मैनचेस्टर के उद्योगपतियों ने भारत में कपड़ा बेचना शुरू किया तो वे कपड़े के बंडलों पर लेबल लगाते थे । लेबल का फ़ायदा यह होता था कि खरीदारों को कंपनी का नाम व उत्पादन की जगह पता चल जाती थी । लेबल ही चीज़ों की गुणवत्ता का प्रतीक भी था । जब किसी लेबल पर मोटे अक्षरों में 'मेड इन मैनचेस्टर' लिखा दिखाई देता तो खरीदारों को कपड़ा खरीदने में किसी तरह का डर नहीं रहता था ।

(34.1) अंग्रेजों द्वारा भारत में वस्तुओं का विज्ञापन किस प्रकार किया जाता था ? **1**

(34.2) औपनिवेशिक भारत के दौरान विज्ञापनों के माध्यम से नए उपभोक्ता कैसे बने ? **1**

(34.3) औद्योगीकरण के दौरान विज्ञापनों के माध्यम से दिए गए संदेशों की व्याख्या कीजिए । **2**


https://examkit.in/

32. (a) "There is an overwhelming support for the idea of democracy all over the world." Support the statement with examples. **5**

**OR**

(b) "Democracy can address all socio-economic and political problems." Support the statement with arguments. **5**

33. (a) Analyse the impact of globalization in India. **5**

**OR**

(b) Analyse the ways to make globalization fair. **5**

## SECTION – E

**(Case Based Questions)** **(3 × 4 = 12)**

34. Read the given case and answer the questions that follow : **4**

**Market for Goods**

One way in which new consumers are created is through advertisements. As you know, advertisements make products appear desirable and necessary. They try to shape the minds of people and create new needs. Today we live in a world where advertisements surround us. They appear in newspapers, magazines, hoardings, street walls, television screens. But if we look back into history, we find that from the very beginning of the industrial age, advertisements have played a part in expanding the markets for products, and in shaping a new consumer culture. When Manchester industrialists began selling cloth in India, they put labels on the cloth bundles. The label was needed to make the place of manufacture and the name of the company familiar to the buyer. The label was also to be a mark of quality. When buyers saw 'MADE IN MANCHESTER' written in bold on the label, they were expected to feel confident about buying the cloth.

(34.1) How was the marketing of goods done in India by the British ? **1**

(34.2) How were the new consumers created through advertisement during colonial India ? **1**

(34.3) Identify the messages conveyed through advertisements during industrialization. **2**



https://examkit.in/

35. दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4

**ऊर्जा संसाधनों का संरक्षण**

आर्थिक विकास के लिए ऊर्जा एक आधारभूत आवश्यकता है । राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के प्रत्येक सेक्टर – कृषि, उद्योग, परिवहन, वाणिज्य व घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए ऊर्जा के निवेश की आवश्यकता है । स्वतंत्रता-प्राप्ति के पश्चात् क्रियान्वित आर्थिक विकास की योजनाओं को चालू रखने के लिए ऊर्जा की बड़ी मात्रा की आवश्यकता थी । फलस्वरूप पूरे देश में ऊर्जा के सभी प्रकारों का उपयोग धीरे-धीरे बढ़ रहा है ।

इस पृष्ठभूमि में ऊर्जा के विकास के सतत् पोषणीय मार्ग के विकसित करने की तुरंत आवश्यकता है । ऊर्जा संरक्षण की प्रोन्नति और नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों का बढ़ता प्रयोग सतत् पोषणीय ऊर्जा के दो आधार हैं ।

वर्तमान में भारत विश्व के अल्पतम ऊर्जादक्ष देशों में गिना जाता है । हमें ऊर्जा के सीमित संसाधनों के न्यायसंगत उपयोग के लिए सावधानीपूर्ण उपागम अपनाना होगा । उदाहरणार्थ एक जागरूक नागरिक के रूप में हम यातायात के लिए निजी वाहन की अपेक्षा सार्वजनिक वाहन का उपयोग करके, जब प्रयोग न हो रही हो तो बिजली बन्द करके विद्युत बचत करने वाले उपकरणों के प्रयोग से तथा गैर-पारंपरिक ऊर्जा साधनों के प्रयोग से हम अपना छोटा योगदान दे सकते हैं । आखिरकार '**ऊर्जा की बचत ही ऊर्जा उत्पादन है ।**'

(35.1) सतत पोषणीय ऊर्जा सतत विकास की कुंजी क्यों है ? 1

(35.2) पूरे भारत में ऊर्जा की खपत क्यों बढ़ रही है ? 1

(35.3) "ऊर्जा की बचत ही ऊर्जा का उत्पादन है ।" स्पष्ट कीजिए । 2



https://examkit.in/

35. Read the given case and answer the questions that follow : **4**

**CONSERVATION OF ENERGY RESOURCES**

Energy is a basic requirement for economic development. Every sector of the national economy – agriculture, industry, transport, commercial and domestic – needs inputs of energy. The economic development plans implemented since independence necessarily required increasing amounts of energy to remain operational. As a result, consumption of energy in all forms has been steadily rising all over the country. In this background, there is an urgent need to develop a sustainable path of energy development. Promotion of energy conservation and increased use of renewable energy sources are the twin planks of sustainable energy. India is presently one of the least energy efficient countries in the world. We have to adopt a cautious approach for the judicious use of our limited energy resources. For example, as concerned citizens we can do our bit by using public transport systems instead of individual vehicles; switching off electricity when not in use, using power-saving devices and using non-conventional sources of energy. At last **"Energy Saved is energy produced"**

(35.1) Why is sustainable energy a key to sustainable development ? **1**

(35.2) Why is consumption of energy rising in all over India? **1**

(35.3) Explain 'Energy saved is energy produced'. **2**



https://examkit.in/

36. दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए स्रोत प्रश्नों का उत्तर लिखिए : **4**

**भारत में विकेन्द्रीकरण**

जब केंद्र और राज्य सरकार से शक्तियाँ लेकर स्थानीय सरकारों को दी जाती हैं तो इसे सत्ता का विकेंद्रीकरण कहते हैं । विकेंद्रीकरण के पीछे बुनियादी सोच यह है कि अनेक मुद्दों और समस्याओं का निपटारा स्थानीय स्तर पर ही बढ़िया ढंग से हो सकता है । लोगों को अपने इलाके की समस्याओं की बेहतर समझ होती है । लोगों को इस बात की भी अच्छी जानकारी होती है कि पैसा कहाँ खर्च किया जाए और चीज़ों का अधिक कुशलता से उपयोग किस तरह किया जा सकता है । इसके अलावा स्थानीय स्तर पर लोगों को फ़ैसलों में सीधे भागीदार बनाना भी संभव हो जाता है । इससे लोकतांत्रिक भागीदारी की आदत पड़ती है । स्थानीय सरकारों की स्थापना स्व-शासन के लोकतांत्रिक सिद्धांत को वास्तविक बनाने का सबसे अच्छा तरीका है ।

विकेंद्रीकरण की ज़रूरत हमारे संविधान में भी स्वीकार की गई । इसके बाद से गाँव और शहर के स्तर पर सत्ता के विकेंद्रीकरण की कई कोशिशें हुई हैं । सभी राज्यों में गाँव के स्तर पर ग्राम पंचायतों और शहरों में नगरपालिकाओं की स्थापना की गई थी । पर इन्हें राज्य सरकारों के सीधे नियंत्रण में रखा गया था ।

(36.1) लोकतंत्र में 'विकेन्द्रीकरण' को स्पष्ट कीजिए । **1**

(36.2) लोकतंत्र में स्थानीय स्व-शासन के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए । **1**

(36.3) विकेंद्रीकरण के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए गए किन्हीं दो उपायों का वर्णन कीजिए । **1 × 2 = 2**

**खण्ड – च** **(2 + 3 = 5)**

**(मानचित्र आधारित प्रश्न)**

37. (a) भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर दो स्थानों (A) और (B) के रूप में अंकित किए गए हैं । दी गई जानकारी की सहायता से उन्हें पहचानिए और उनके पास खींची गई रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए । **2**

(A) वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन सितंबर 1920 में हुआ था ।

(B) वह स्थान जहाँ महात्मा गाँधी ने नमक कानून तोड़ा था ।



https://examkit.in/

36. Read the given extract and answer **all** questions : **4**

### DECENTRALISATION IN INDIA

When power is taken away from Central and State governments and given to local government, it is called decentralization. The basic idea behind decentralization is that there are a large number of problems and issues which are best settled at the local level. People have better knowledge of problems in their localities. They also have better ideas on where to spend money and how to manage things more efficiently. Besides, at the local level it is possible for the people to directly participate in decision making. This helps to inculcate a habit of democratic participation. Local government is the best way to realise one important principle of democracy, namely local self-government.

The need for decentralisation was recognized in our Constitution. Since then, there have been several attempts to decentralize power to the level of villages and towns. Panchayats in villages and municipalities in urban areas were set up in all the States. But these were directly under the control of State Governments. Elections to these local governments were not held regularly.

(36.1) Explain Decentralization in democracy. **1**

(36.2) Explain the importance of Local self Government in democracy. **1**

(36.3) Describe any two steps taken by Indian government for decentralization. **$1 \times 2 = 2$**

### SECTION – F

**(Map Based Questions)** **(2 + 3 = 5)**

37. (a) Two places (A) and (B) have been marked on the given outline political Map of India. Identify them with the help of given information and write their correct names on the lines drawn near them : **2**

(A) The place where the session of INC was held in September, 1920.

(B) The place where Mahatma Gandhi broke Salt Law.



https://examkit.in/

(b) भारत के इसी रेखा–मानचित्र पर निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइये और उनके नाम लिखिए : **3**

(i) हीराकुड बाँध

(ii) तारापुर परमाणु संयंत्र

(iii) पुणे सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क

(iv) पाराद्वीप समुद्री पत्तन

**नोट : केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 37 के स्थान पर हैं।** **(5 × 1 = 5)**

किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(37.1) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन सितंबर, 1920 में हुआ था। **1**

(37.2) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ गांधीजी ने नमक कानून तोड़ा। **1**

(37.3) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ सलाल बाँध स्थित है। **1**

(37.4) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ तारापुर परमाणु संयंत्र स्थित है। **1**

(37.5) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ पुणे सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क स्थित है। **1**

(37.6) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ पाराद्वीप समुद्री पत्तन स्थित है। **1**



https://examkit.in/

(b) On the same outline Map of India, locate and label any **THREE** of the following with suitable symbols : **3**

(i) Hirakud Dam

(ii) Tarapur Atomic Power Station

(iii) Pune Software Technology Park

(iv) Paradip Sea Port

**Note : The following questions are for Visually Impaired Candidates only in Lieu of Q. No. 37.** **(5 × 1 = 5)**

Attempt any **five** questions :

(37.1) Name the place where the session of INC was held in September, 1920. **1**

(37.2) Name the state where Gandhiji broke Salt Law. **1**

(37.3) Name the place where Salal Dam is located. **1**

(37.4) Name the state where Tarapur Nuclear Plant is located. **1**

(37.5) Name the state where Pune Software Technology park is located. **1**


(37.6) Name the state where 'Paradip' Sea Port is located. **1**



https://examkit.in/

https://examkit.in/

प्रश्न सं. **37** के लिए मानचित्र
Map for Q. No. **37**




यहाँ से काटें Cut Here यहाँ से काटें Cut Here



https://examkit.in/

https://examkit.in/